पंजाब केसरी 21-02-2025

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं व सामाजिक न्याय की शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

विश्व सामाजिक न्याय दिवस : विद्यार्थियों ने ग्रहण की सामाजिक न्याय की शपथ

अम्बाला, 20 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने सामाजिक न्याय की शपथ ग्रहण करने के बाद पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने वैश्विक मुद्दों पर विचार कर न्यायपूर्ण समाज के लिए समाधान तलाशकर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस एक वार्षिक वैश्विक गतिविधि है जो बेरोजगारी, गरीबी, बहिष्करण, लैंगिक असमानता, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विचार कर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालती है।

यह वैश्विक सामाजिक अन्याय की तरफ भी ध्यान आकर्षित करता है और संभावित समाधानों एवं प्रगति का पता लगाता है। यह बेजुबानों की आवाज उठाने, संरचनात्मक अन्याय को उजागर करने और ठोस बदलाव पर जोर देने का दिन है।

इस दिन लोग, समूह और सरकारें, इस बात का जायजा ले सकती हैं कि हम सामाजिक न्याय हासिल करने में कितना आगे आए हैं और सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने जागरूकता फैलाई कि सामाजिक न्याय में सुधार करना सभी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नीतियों का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। इस गतिविधि में कुल 60 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर डा. एस.एस. नैन, डा. तृप्ति शर्मा, डा. सरोज बाला एवं लवप्रीत आदि उपस्थित थे।